हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 अगस्त 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेशभर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 3400 करोड़ रुपये की 600 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में टीजीटी-पंजाबी के 104 तथा समूह घ के 3 हज़ार 878 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना- विस्तार पोर्टल जारी किया।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण सेवा-विनियमन विधेयक के मसौदे पर टिप्पणियाँ एवं सुझाव लेने की समय सीमा 15 अक्टूबर तक बढ़ाई।
- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीसरा और श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कौशल विश्वविद्यालय वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे प्रदेश में लगभग 3400 करोड़ रुपये की लागत की कुल 600 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 1190 करोड़ रुपये की 220 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 2210 करोड़ रुपये की लागत की 380 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टीजीटी-पंजाबी के 104 तथा समूह घ के 3878 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना- विस्तार पोर्टल भी जारी किया। इस योजना के माध्यम से उन गरीब लोगों को गांव के अंदर 100 गज के भूखंड और महाग्राम के अंदर 50 गज के भूखंड दिए जाएंगे, जिनके पास जमीन नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक कुल 24,221 करोड़ रुपये की लागत की 2891 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया जा चुका है उन्होंने कहा कि आज की परियोजनाओं में सड़कें, जलघर, स्वास्थ्य संस्थाएँ, स्कूल, कॉलेज, बिजली घर, नहर, नाले और पुल इत्यादि शामिल हैं। जिसका लाभ हरियाणा प्रदेश के लोगों को मिलने वाला है। उहोने कहा कि ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास की परिकल्पना को साकार करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा में निराशा, अविश्वास, अवसाद और आक्रोश का माहौल था। उस समय हरियाणा के

अंदर नौकरियों में क्षेत्रवाद, भाई-भतीजावाद का बोलबाला था, जबकि हमारी सरकार में बिना पर्ची- व खर्ची के युवाओं को नौकरी दी जा रही है।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने आज पलवल जिले में 95 करोड़ रुपए की की 6 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर पलवल से विधायक दीपक मंगला, होडल से विधायक जगदीश नायर, हथीन से विधायक प्रवीण डागर भी मौजूद रहे। खेल राज्य मंत्री ने बताया कि इस में पलवल जिले के गांव मानपुर में बनाने वाला महिला कॉलेज तथा गांव खाम्बी में अस्पताल का निर्माण कार्य शामिल है।उन्होंने कहा कि पलवल जिले में करोड़ों रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम का भी निर्माण किया गया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण सेवा-विनियमन विधेयक के मसौदे पर टिप्पणियाँ और सुझाव प्राप्त करने की समय सीमा 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा है कि विस्तृत परामर्श के बाद विधेयक का नया मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। इससे पहले व्याख्यात्मक नोट्स के साथ विधेयक का मसौदा हितधारकों और आम जनता की टिप्पणियों के लिए पिछले साल नवंबर में सार्वजनिक किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि विधेयक के मसौदे पर कई सिफारिशें, टिप्पणियाँ और सुझाव प्राप्त हुए हैं।

हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान हासिल किया है । विश्वविद्यालय ने वर्ष 2023 में इस वर्ग में पांचवा स्थान प्राप्त किया था।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ओवरऑल वर्ग में देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। विश्वविद्यालय कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर पहुँच गया है जबकि वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था।विश्वविद्यालय को हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है।

..........................................................................

पलवल  जिले में दुधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय संस्थागत फ्रेम वर्क के कौशल विश्वविद्यालय वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया है । केवल आठ  साल की विकास यात्रा में इस मुकाम पर पहुँचने वाला यह पहला विश्वविद्यालय बन गया  है वहीँ इग्नू को मुक्त विष्वविद्यालय की श्रेणी में पहला स्थान मिला है।

हरियाणा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी कई जगह तिरंगा यात्राएं निकाली गई खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने पलवल के इंडोर स्टेडियम में तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाई। इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला भी मौजूद रहे। पलवल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया गया। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत व अन्य ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। सिरसा के भगत सिंह स्टेडियम में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसे हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। यात्रा सिरसा के भगत सिंह स्टेडियम से शुरू होकर बाल भवन में समाप्त हुई। इस मौके पर श्री गंगवा ने पौधारोपण भी किया। उन्होंने खेल में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित भी किया। उनके साथ सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल भी मौजूद रही।मतलौडा अनाज मंडी में भी सेहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जहाँ से भी यह तिरंगा यात्रा निकली वहां पर मौजूद लोगो ने भारत माता की जय और वनडे मातरम के उद्घोष से यात्रियों का उत्साह बढ़ाया।कृषि मंत्री कँवरपाल ने अंबाला छावनी में वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाई जो छावनी के विभिन्न हिस्सों से होती हुई वापिस स्टेडियम में सम्पन्न हुई ।

हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य एंवम श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि पंजीकृत श्रमिकों को उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले। श्री शर्मा आज बल्लभगढ़ अनाज मंडी में आयोजित श्रम जागरूकता समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह की सोच है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनका हक दिया जाए। श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण कराने पर श्रमिकों के खाते में 48 घंटे के भीतर 1100 रुपए जमा होते हैं। श्रम विभाग ने श्रमिकों के परिवारों और उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, जिनमें श्रमिकों की बेटियों की

शादी, स्कूली छात्राओं को स्कूटी देने, महिलाओं के लिए सिलाई मशीनें और औजार खरीदने जैसी योजनाएं शामिल हैं।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 1835 श्रमिकों के खाते में 2 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि सीधे भेजी गई है। समारोह में उपस्थित श्रमिकों को लगभग 9 लाख 46 हजार 700 रुपए की सहायता प्रदान की गई।